प्रादेशिक समाचार

16.09.2024 (दोपहर–1455 बजे)

राजधानी रांची समेत राज्यभर में लगातार तीन दिनों से हो रही भारी बारिश से जन जीवन प्रभावित हो गया है। बारिश के कारण प्रदेश की कई नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। बोकारो जिले में तेनू घाट डैम का पानी खतरे के निशान तक पहुंच जाने के कारण डैम के छह गेटों को खोल दिया गया है। मौसम विभाग ने बारिश को लेकर गढ़वा, पलामू, लातेहार और सिमडेगा में रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं विभाग ने 18 सितंबर से मौसम के सामान्य होने की संभावना जतायी है।

****

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने पूर्वी सिंहभूम जिले में तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण स्वर्णरेखा और खरकई नदी के बढ़ते जलस्तर पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने जिले के उपायुक्त को नदी के तट पर रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने और राहत कार्य चलाने का निर्देश दिया है। अपने सोशल मीडिया अकॉउंट एक्स पर दिए गए पोस्ट पर उन्होंने लिखा हैं कि लगातार बारिश के कारण दोनों नदियों का पानी खतरे के निशान के करीब हैं। इसके साथ ही उन्होंने तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से भी सतर्क रहने की अपील की है।

****

आधार कार्ड को अपडेट करने की समयसीमा बढ़ गई है। अब 14 दिसंबर तक बिना शुल्क दिए जरूरी बदलाव किया जा सकता है। पहले इसकी अंतिम तिथि 14 सितंबर थी। निशुल्क सेवा माय आधार पोर्टल पर उपलब्ध है।

****

स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 कल से शुरू होगा और 2 अक्टूबर तक चलेगा। इस वर्ष इसका विषय स्वभाव स्व़च्छता–संस्कार स्वच्छतता रखा गया है। इस अभियान के तहत पर्यटन स्थलों, सार्वजनिक भवनों, व्यवसायिक क्षेत्रों, जलाशयों, चिडिया घरों, अभयारण्यों और सामुदायिक तथा सार्वजनिक शौचालयों सहित विभिन्न स्थानों पर श्रमदान और सामूहिक रूप से बड़े पैमाने पर सफाई की जाएगी। देशभर में केन्द्र सरकार के सभी मंत्रालयों और राज्यों की ओर से इस सिलसिले में कई गतिविधियों की योजना है, जिनमें आम लोगों को शामिल किया जाएगा।

****

झारखंड समेत देशभर में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ ईद मिलाद–उन–नबी का पर्व मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु , प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लोगों को ईद ए मिलाद की शुभकामनाएं दी हैं। इधर सरायकेला खरसावां जिले में भी इस अवसर पर जुलूस–ए–मोहम्मदी धुमधाम से निकाली गई। यह जुलूस कालूराम चौक से होते हुए मुख्य सड़क बस स्टैंड तक पहुंची वहां से वार्ड संख्या 6 होते हुए पुनः इमामबाड़ा लौटी। उधर पाकुड़ में भी ईद मिलादुन्नबी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर इस्लाम धर्मावलंबियों ने जुलूस निकाला।

****

देश के सबसे बड़े और राज्य के एकमात्र सैनिक स्कूल तिलैया का आज 61वां स्थापना दिवस मनाया गया, जहां स्कूल के स्थापना काल से लेकर आज तक के कैडेट शामिल हुए। स्थापना दिवस के मौके पर स्कूल टीम के कैप्टन और उत्कृष्ट कार्य करने वाले कई शिक्षकों को सम्मानित भी किया गया। मौके पर स्कूली छात्र–छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में गीत संगीत की प्रस्तुति दी गई।

****

आज अंतरराष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस मनाया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष 16 सितम्बर को यह दिवस मनाया जाता है। विभिन्न गैसों के मुलायम कवच के रूप में ओजोन परत पृथ्वी को सूर्य की किरणों के हानिकारक प्रभावों के असर से बचाती है और इस तरह से यह इस गृह पर जीवन के संरक्षण में मदद करती है। माना जाता है कि सामान्य रूप से उपयोग में आने वाले कई रासायनिक पदार्थ ओजोन परत को

अत्यंत क्षति पहुंचा सकते हैं। इस वर्ष ओजोन दिवस का विषय है–मांट्रियल प्रोटोकॉल–जलवायु के क्षेत्र में आगे बढ़ते कदम।

****

बुडापेस्ट में खेले गए 45वें शतरंज ओलंपियाड के ओपन सेक्शन में भारतीय टीम ने अजरबैजान के खिलाफ तीन–एक से जीत दर्ज की, जबकि महिला टीम ने कजाकिस्तान को पांचवे दौर में दो दशमलव पांच–एक दशमलव पांच के अंतर से हरा दिया। शतरंज ओलंपियाड में छह दौर का खेल बाकी है।

****

चीन के हुलुनबुइर में एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में आज भारत का सामना दक्षिण कोरिया से होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार दोपहर बाद साढ़े 3 बजे शुरू होगा। सिर्फ भारत ने ही इस टूर्नामेंट में अब तक अपने सभी मैच जीते हैं। आज पहले सेमीफाइनल में पाकिस्तान और मेजबान चीन आमने–सामने होंगे।

*********समाप्त********